पत्र संख्या–स्था0 राजपत्रित–मानव सम्पदा (2021–22)/ 3106 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश
(स्था0 राजपत्रित–अनुभाग)
लखनऊ:: दिनांक:: 04 जनवरी, 2022

समस्त अनुभाग अधिकारी
वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ।

आप अवगत हैं कि आपके अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल पर विभाग में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों का डाटा फीड कराकर सत्यापित कराये जाने का कार्य त्वरित गति से किया गया है। शासन द्वारा समय–समय पर बैठकें आयोजित कर इस कार्य के प्रगति की समीक्षा भी की जाती है।

उक्त के संदर्भ में शासन के पत्र संख्या–1410/11–3–2021 दिनांक 27.12.2021 द्वारा अपर मुख्य सचिव, आई0टी0 एवं अनुभाग–2 का पत्र संख्या–1823/78–2–2021–111 आई0टी0/2017 दिनांक 07.12.2021 की प्रति संलग्नकों सहित प्रेषित करते हुये मानव सम्पदा पोर्टल पर अधिकारियों/कर्मचारियों के सेवा सम्बंधी फीड कराये गये विवरण का सत्यापन एवं अवशेष विवरण फीड कराने के निर्देश दिये गये हैं।

अतः उपरोक्त दिये गये निर्देशानुसार आप अपने अधीनस्थ तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों का डाटा मानव सम्पदा पोर्टल पर दिनांक 13.01.2022 तक प्रत्येक दशा में शत प्रतिशत फीड कराकर सत्यापित कराना सुनिश्चित करें। उक्त के अतिरिक्त जो अधिकारी/कर्मचारी आपके अधीनस्थ कार्यालयों में स्थानान्तरित होकर आयें हैं उनका डाटा भी मानव सम्पदा पोर्टल पर दिनांक 13.01.2022 तक अद्यावधिक कराना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

03/01/2022
(सुधा वर्मा)
एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश।